समाचार

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# मोबाईल मेडिकल यूनिट कोरबा के प्रयोगशाला सहायक शीतल दास को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

## (मुख्यमंत्री निवास रायपुर में एम.एम.यू. के सेवा प्रदाता स्टाफ का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ)



कोरबा 02 जुलाई 2021 –मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत कोरबा में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट के प्रयोगशाला सहायक श्री शीतल दास को उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी हौसला अफजाई की।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट में कार्यरत सेवा प्रदाता स्टाफ को सम्मानित करने हेतु मुख्यमंत्री निवास रायपुर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन आज 02 जुलाई 2021 को रखा गया था, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट के चयनित सेवा प्रदाता स्टाफ एवं सूडा के पी.आई.यू. को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया। एम.एम.यू. के सेवा प्रदाता स्टाफ से चयनित जिन लोगों को मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया, उनमें कोरबा से प्रयोगशाला सहायक शीतल दास, बिलासपुर से चिकित्सक डॉ. जयगिरी गोस्वामी, भिलाई से फार्मासिस्ट सुश्री इन्दु राय, रायपुर से ए.एन.एम. सुश्री लुईसा एंथोनी, राजनांदगांव से वाहन चालक लोकेश कुमार साहू तथा सूडा के पी.आई.यू. अंकित शर्मा व मोहनीश साहू आदि शामिल हैं।

**स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही योजना** –छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती, उनके घर–द्वार पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है, यह योजना श्रमिकों, गरीबों तथा अन्य नागरिकों को उनके घर–द्वार पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजना के तहत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट डॉक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के

तहत वार्डो, बस्तियों में पहुंच रही है तथा लोगों की निःशुल्क जांच तथा बीमारियों का निःशुल्क इलाज कर रही है।

**कोरबा में अब तक लग चुके हैं 1320 शिविर, 65532 व्यक्ति लाभान्वित** – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 06 नवम्बर 2020 से मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया था। कोरबा में 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही है, कोरबा नगर निगम क्षेत्र में अब तक 1320 एम.एम.यू.शिविर संचालित किए जा चुके हैं तथा इन शिविरों के माध्यम से 65532 लोग लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें 10380 लोगों का वैक्सीनेशन कार्य भी शामिल है। यहां उल्लेखनीय है कि कोविड वैक्सीनेशन के कार्य में भी मोबाईल मेडिकल यूनिट की सेवाएं ली गई हैं तथा वैक्सीनेशन कार्य में यूनिटों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।